## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसआई, प्लाटून कमांडर की 341 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन 21नवंबर तक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई, प्लाटून कमांडर की 341 पदों पर भर्ती होगी. यह पहली बार है जब एसआई की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम हो रही है. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 21 नवंबर 2024 तक आवेदन मंगाए गए थे। कैबिनेट में फैसले के बाद अब ऊंचाई व सीने के माप को लेकर एसटी उम्मीदवारों को छूट दी गई है. इसके अनुसार फिर से आवेदन का अवसर दिया गया है. इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है. 25 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं. सभी वर्ग के युवा जो पहले आवेदन नहीं कर पाएं हैं वे भी फॉर्म भर सकते हैं. इसी तरह जो आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ पुलिस में कुल 341 पदों पर भर्ती होगी. इसमें सबसे अधिक 278 पद एसआई के हैं. इसके अलावा 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) , 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल है. सूबेदार, एसआई, एसआई (विशेष शाखा) और प्लाटून कमांडर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक है. इसी तरह एसआई (अंगुल-चिन्ह), एसआई (प्रश्नाधीन दस्तावेज) के लिए गणित, भौतिकी, रसायन के साथ बीएससी या समकक्ष। एसआई (कंप्यूटर) और एसआई (साइबर क्राइम) के लिए बीसीए या बीएससी कंप्यूटर या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

### अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा और नारायणपुर की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबल के साथ चल रहे मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है. रात तीन बजे से चल रही दोनों तरफ से फायरिंग में नक्सलियों के बड़े कैडर के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है.दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि 40 से 50 बड़े कैडर की नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोण्डागांव और बस्तर जिले से जवानों ने इलाके की घेराबंदी की है. जवानों को इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की खबर थी. घेरने के बाद सुबह तीन बजे से दोनों तरफ से लगातार हैवी फायरिंग हो रही है.बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों को भारी नुकसान होने की संभावना बताई है. उन्होंने कहा कि अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग चल रही है. सर्चिंग भी जारी है. सभी जवान सुरक्षित हैं. बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जानी की आशंका है।

### प्रेमीजोड़े ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** एक प्रेमी जोड़े की खेत में पेड़ पर लटकी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. सुबह खेत पर काम करने आए लोगों ने पेड़ पर लटकी लाश की सूचना पुलिस को दी. उरगा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुटी है. यह घटना उरगा थाना क्षेत्र ग्राम सुपातराई के आश्रित मोहल्ला तिहलापताई की है। प्रेमी जोड़े की अब तक पहचान नहीं हो सकी है. घटना स्थल से पर्स, रुमाल और एक बाइक मिली है, जिसके आधार पर मृतकों की पहचान करने में पुलिस जुटी है. आसपास गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम पारागांव मेनरोड में बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदूलाल धृतलहरे 31 वर्ष ग्राम छटेरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 4413 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पारागांव मेनरोड में वह अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकीर मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सुशासन का 1 साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य की जनता के नाम दिया संदेश : मुख्यमंत्री के संदेश कार्यक्रम को लोगों ने देखा एवं सुना

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज राज्य की जनता के नाम संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। इस तरह हमने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी एक बड़ी कामयाबी यह भी है कि हम बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुंचाने में सफल हुए। नक्सलवाद के पूरी तरह खात्में के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ें हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया था कि हम राज्य में सुशासन स्थापित करेंगे। इसके लिए तकनीक का प्रयोग करते हुए शासन-प्रशासन को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में हमें अच्छी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को हम लगातार साकार कर रहे हैं। पुराणों में जिसे राम-राज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वादे के मुताबिक हमने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजीपीएससी पर लौट आया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए हम आने वाले दिनों में भी विकास के नये सोपान तय करेंगे। आप सभी को इन उपलब्धियों की बहुत-बहुत बधाई। रायगढ़ जिले में भी शहर से लेकर गांवों तक लोगों ने मुख्यमंत्री के संदेश कार्यक्रम को देखा और सुना।

## शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** प्रार्थी एम. डेबिड राज पिता स्व. एम. स्टेनली निवासी ईडब्ल्यूएस 409 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहका चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला जिला दुर्ग का बाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रोज की भांति दिनांक 17.11.2024 को शाम करीबन 07.00 बजे सर्विस सेंटर को हमारे कंपनी का कैसियर रवि कुमार साहू बंद करके घर चले गए थे वहां पर गार्ड राजेंद्र सिदार रात्रि 08.30 से सुबह 08.30 बजे तक की डियुटी में था जो सुबह करीबन 07.30 बजे मुझे फोन करके बताया कि सर्विस सेंटर का कांच टूटा हुआ है चोरी हो गया है तब में वहां पर आया और देखा कि सर्विस सेंटर के मेन दरवाजा का कांच टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था वहां पर रखे लडक़ी का ड्राज उसमें रखे नगदी रकम 720 रू व बिलबुक व रसीद नहीं था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सर्विस सेंटर के मेन दरवाजे का कांच तोडकर अंदर घुसकर यहां पर रखे लडकी का ड्राज उसमें रखे नगदी रकम 720 रू व बिलबुक व रसीद जुमला कीमती 1500/- रूपये का चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (भापुसे) के द्वारा आरोपी की शीघ्र पतासाजी कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर (रापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल (रापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी भिलाई महेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में भिलाई 03 स्टाफ आरोपियों के पतासाजी में लगा था। टीम द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों का अवलोकन किया गया है। सीसीटीव्ही अवलोकन के दौरान पुरैना निवासी चेटा संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जिसे पकडऩे के लिए उसके सकुनत पर जाकर खोजबीन किया गया जो सकुनत से फरार था जिसकी पतासाजी हेतु अलग से मुखबिर लगाए गए थे। पतासाजी दौरान पता चला कि आरोपी चेटा रायपुर रेल्वे स्टेशन में संदिग्ध अवस्था में पुलिस की गिरफ्तारी एवं कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए लुक छिपकर रह रहा है जिसे सीसीटीव्ही के आधार पर टीम भेजकर काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया। जिसे कड़ाई से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसने बताया कि दिनांक 17.11.2024 के दरम्यानी रात स्पर्श आटो मोबाइल सर्विस सेंटर (टू वेल्यू) रेल नगर चरोदा से नगदी रकम 720/- रूपये, दिनांक 22.07.2024 को पदुमनगर भारतीय स्टेट बैंक के पास से एक बुजुर्ग के थैला से 34000/रू, दिनांक 31.08.2024 को रात्रि में बाबा स्वीट्स पंचशील नगर चरोदा नगदी रकम 12000/-रू, दिनांक 06.11-2024 के रात्रि जायसवाल कलेक्शन कपडा दुकान बस स्टैंड दादर रोड चरोदा से नगदी रकम 20000 रूपये व लोवर, शर्ट, पैंट व को चोरी करना स्वीकार किया।

चोरी के बाद आरोपी चोरी किये रकम शराब पीने, खाने व अय्याशी में खर्च कर देना एवं चोरी किये शर्ट, पैंट, लोवर को रोड में चलने वाले बाहरी ट्रक चालकों के पास बिक्री कर देना बताया है आरोपी के कब्जे से पेश करने पर शेष रकम 1070/रू. को जप्त किया गया है। आरोपी सदर का कृत्य अपराध सदर चारा का घटित करना पाये जाने से चार अलग अलग चोरी के मामलों में समय सदर मे विधिवत गिर. कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जेल दाखिल किया गया.

## एसआई भर्ती : छूट की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों से 25 तक आवेदन मंगाया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई, प्लाटून कमांडर की 341 पदों पर भर्ती होगी. यह पहली बार है जब एसआई की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम हो रही है. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 21 नवंबर 2024 तक आवेदन मंगाए गए थे। कैबिनेट में फैसले के बाद अब ऊंचाई व सीने के माप को लेकर एसटी उम्मीदवारों को छूट दी गई है. इसके अनुसार फिर से आवेदन का अवसर दिया गया है. इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है. 25 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं. सभी वर्ग के युवा जो पहले आवेदन नहीं कर पाएं हैं वे भी फॉर्म भर सकते हैं. इसी तरह जो आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ पुलिस में कुल 341 पदों पर भर्ती होगी. इसमें सबसे अधिक 278 पद एसआई के हैं. इसके अलावा 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) , 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल है. सूबेदार, एसआई, एसआई (विशेष शाखा) और प्लाटून कमांडर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक है. इसी तरह एसआई (अंगुल-चिन्ह), एसआई (प्रश्नाधीन दस्तावेज) के लिए गणित, भौतिकी, रसायन के साथ बीएससी या समकक्ष। एसआई (कंप्यूटर) और एसआई (साइबर क्राइम) के लिए बीसीए या बीएससी कंप्यूटर या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

## दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** पीड़िता ने थाना पलारी जिला बलौदाबाजार में दिनांक 15.10.2024 को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अपने घर वालों के साथ ग्राम समोंदा पुन्नी मेला देखने गई थी जहां पर नरेन्द्र कुमार साहू मुलाकात हुआ जो मोबाईल नबंर लेकर इससे बातचीत करता था एवं तुमसे प्यार करता हूँ बोलकर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी जिला बलौदाबाजार में अप0क्र0- 0/2024 धारा- 64(2)(ड) बीएनएस कायम कर प्राथमिक कार्यवाही कर असल मूल घटना थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र होने से प्रकरण की डायरी थाना डोंगरगढ़ को अग्रिम विवेचना कार्यवाही हेतु प्राप्त होने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0-555/2024 धारा- 64(2)(ड) बीएनएस का असल अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये आरोपी पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में विवेचना दौरान आरोपी जो घटना कारित कर फरार हो गया था जो लगातार अपना सकुनत बदल बदल कर रह रहा था, जिसे पता तलाश कर आरोपी को हिरासत में लेकर मेमारण्डम कथन लिया गया जो प्रार्थिया के बताये अनुसार घटना दिनांक समय को जुर्म करना स्वीकार किये जो प्रकरण में आरोपी नरेन्द्र साहू पिता अशोक साहू उम्र 21 साल साकिन समोंदा थाना आंरग जिला रायपुर (छ0ग0) के विरूद्ध धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से आज दिनांक-12.12.2024 के 15:40 बजे विधिवत गिर0 कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## चाकू से जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रार्थी चुलेश कुमार साहू ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शक्ति नगर में रहता है तथा पढ़ाई करता है। दिनांक 21.09.2024 को 16:15 बजे प्रार्थी अपनी वाहन से अपने घर जा रहा था, कि मोहल्ले में उसी समय पीयूष दीप नशे की हालत में मोहल्ले वासियो से लडाई-झगडा विवाद कर उलझ रहा था, जो प्रार्थी को देखकर उसके पास आकर जबरन उससे उलझते हुए तेरे पिता को समझा देना ज्यादा उचकता है कहते हुये प्रार्थी को अश्लील गाली देने लगा। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना करने पर पीयूष दीप बोला कि तू मुझे जानता नहीं है, मेरे से उलझेगा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहकर अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी पर वार करने लगा, तो प्रार्थी बचाव करने लगा उसी समय पीयूष दीप का एक अन्य साथी आकर उसका सहयोग करते हुए प्रार्थी को पकडऩे लगा जिससे मौका पाकर पीयूष दीप प्रार्थी के पीठ में बायीं ओर वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध क्रमांक 403/24 धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 118 बी.एन.एस एवं 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी खम्हारडीह के नेतृत्व में थाना खम्हारडीह पुलिस की टीम द्वारा प्रार्थी, उसके परिवार के सदस्यों सहित मोहल्ले के अन्य लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाकरना प्रारंभ किया गया। चूंकि आरोपियान घटना के बाद से फरार हो गये थे, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों के संबंध में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषणों व अन्य माध्यमों से लगातार आरोपियों की पतासाकी जा रहीं थी। इसी दौरान फरार आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों की पतासाकरते हुये प्रकरण में दोनों आरोपी पीयूष दीप उर्फ रोहित एवं कुशल जाल को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

गिरफ्तार आरोपी -

01. पीयूष दीप उर्फ रोहित पिता स्व. कृष्णा दीप कुमार 24 साल निवासी शक्तिनगर मिथलेश किराना दुकान के पास थाना खम्हारडीह जिला रायपुर।

02. कुशल जाल पिता विषम जाल उम्र 22 साल निवासी शक्ति नगर राज नगर थाना खम्हारडीह जिला रायपुर।

## उपार्जन केंद्र में घुसा दंतैल हाथी, मचा हड़कंप

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का चैतरफा उत्पात जारी है। जहां कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व करतला रेंज में बड़ी संख्या में घूम रहे हाथियों ने चचिया धान उपार्जन में घुसकर वहां रखे 3 कट्टी धान को चट कर दिया वहीं घिनारा गांव में एक किसान की बाड़ी में लगे सिंचाई पाइप को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर दिया। कुदमुरा रेंज में भी हाथियों ने एक ग्रामीण के घर के दरवाजे को तोडकर वहां रखे धान को चट किया है। कटघोरा वनमंडल में मौजूद हाथियों ने पसान रेंज के सेमरहा, बनिया व बीजाडांड में अरहर फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने पर वन अमला आज मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।



जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा में 16 हाथी सक्रिय हैं। इनमें से एक दंतैल बीती रात चचिया धान उपार्जन केंद्र पहुंचा और वहां रखे धान को चट करने के साथ ही उत्पात मचाया। हाथी के अचानक उपार्जन केंद्र में पहुंचने से हडकंप मच गया। वहां मौजूद चैकीदारों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचा और उपार्जन केंद्र में उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेडने की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। उधर कुदमुरा परिसर में घूम रहे हाथियों ने एक ग्रामीण के घर का दरवाजा तोडकर वहां रखे अनाज (धान) को खा गया। इस बीच करतला रेंज में 50 की संख्या में हाथी लगभग एक पखवाड़े से डेरा डाले हुए हैं। इनमें से 49 हाथी बोतली क्षेत्र के अतरपानी जंगल पहुंच गया है जबकि एक हाथी बड़मार में ही विचरण कर रहा है। अतरपानी जंगल पहुंचने से पहले हाथियों ने घिनारा में एक ग्रामीण के बाड़ी में लगे सिंचाई पाइप को निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं वहां लगे सब्जी के पौधों को भी तहस-नहस कर डाला है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के सेमरहा-बनिया में 14 तथा बीजाडांड में 8 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल ने भी दोनों ही गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए अरहर फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

## बादल खुलते ही बढऩे लगी ठंड, पांच डिग्री तक नीचे गिरा पारा

**जानें आगामी दिनों में कैसा रहेगा मौसम**

**रायपुर | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में मौसम साफ हो गया है और अब ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। बीते कुछ दिनों से प्रदेश में बदली छाई हुई थी, जिससे ठंड न के बराबर थी। मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में लगभग पांच डिग्री तक गिरावट हुई है।

अब आउटर क्षेत्रों में ठंडी और शुष्क हवाओं की वजह से ठिठुरन की अहसास होने लगी है। साथ ही ओस की बूंदे भी जमने लगी हैं। वहीं दूसरी ओर गौरेला पेंड्रा मरवाही में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। मौसम साफ होते ही इन दिनों आउटर इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। घना कोहरा और उस ओस की बूंदे भी जमने लगी हैं। अब गर्म कपड़े और अलाव ही सहारा बना हुआ है। बताते चलें की मौसम साफ होते ही तापमान नीचे की ओर लुढक़ता जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पडऩे वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बीते दिनों की तुलना में तीन से लेकर छह डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आज बुधवार को तापमान एक से तीन डिग्री तक नीचे जाने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि प्रदेश में ठंडी और शूज कान्हो का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते प्रदेश के आउटर इलाकों में ठिठुरन का अहसास होने लगा है। वहीं बाकी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि ठंडी और शुष्क हवाओं के प्रभाव से प्रदेश में लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU